Over the past decade, one of India's most important social changes has been the improvement in women's access to higher education. Not so long ago, our system struggled to bring many young women into college. But now the same system records near-parity in their enrolment. As per the All India Survey on Higher Education (AISHE) for 2023-24, the latest count, women's enrolment has risen 42.2 percent from 2014-15. The female gross enrolment ratio (GER), at 31.2, exceeds the male ratio. For the seventh consecutive year, the Gender Parity Index stands in favour of women, at 1.08.Some observers ask, what next? Is improved enrolment enough? Are women entering the right disciplines? Are institutions supportive? Are degrees translating into sustained work? Are India's gains broad-based and backed by policy mechanisms? These are fair questions. Yet, let these questions not obscure the central fact.The first reason is that AISHE data confirms the gains are not confined to a narrow social group. Enrolment from the Scheduled Caste (SC) communities has grown 51.1 percent in the decade to 2023-24. For Scheduled Tribes and other backward classes, it increased by 75.7 percent and 60.2 percent, respectively. Over the same time, women from SC communities registered a two-thirds rise, ST women saw an impressive two-fold increase and OBC women recorded a growth of about 72 percent. The numbers clearly indicate a broad-based democratisation of higher education, not an urban or elite phenomenon. The second reason for the increased participation of women is broader institutional support. At the latest count, India had 1,289 universities, 48,426 colleges and 15,221 standalone institutions. There were 18 universities exclusively for women, compared with 11 in 2014-15. There were 4,787 colleges exclusively for women. Still, is access by itself sufficient? Is the system only focused on increasing seats? Is it building mechanisms to connect education with employment? Shouldn't a degree help a young woman enter work and advance in her career? These are questions that need to be taken seriously.

But this is where current reforms are important. PM Uchchatar Shiksha Abhiyan (PM-USHA) aims to strengthen state higher education, with the explicit target of enhancing employability through market-linked courses, industry collaborations, internships, apprenticeships, skill-based modules, open and distance learning, accreditation support and outcome monitoring. Many states are already benefiting from the scheme. Globally, there is a concern about the lower participation of women in science, technology, engineering and mathematics streams. It is true that in India, too, women's participation in engineering and tech is lower, while that in general science is promising. AISHE reports that over 31 percent of the total students in engineering and tech at the latest count were women. In science, it's higher at 54.6 percent. But are there targeted pathways to encourage them to pursue engineering, computing, artificial intelligence, electronics and data-intensive fields?

Several such opportunities exist. The department of science and technology's Vigyan Jyoti programme supports girls in classes 9 to 12 to pursue STEM. The All India Council for Technical Education's Pragati scholarship supports girls in technical education. Every IIT has a fifth female enrolment in undergraduate programmes under female supernumerary seats. Such interventions are useful. In JEE (Advanced) 2026, 10,107 female candidates qualified, making India's premier engineering institutions welcome more female students.

Financial inclusivity is necessary for the transition. PM-Vidyalaxmi provides collateral-free, guarantor-free education loans for women admitted to higher education institutions every year. Safety and dignity are equally central. UGC's regulatory framework covers anti-ragging, promotion of equity, prevention and redress of sexual harassment, student committees and ombudsperson systems.

Faculty representation is another area where the evidence is encouraging. AISHE records almost 45 percent of over 17.32 lakh teachers in 2023-24 to be women. There are 82 women teachers for every 100 men. Agree, the parity needs to improve. But, it is up from 63 in 2014-15. There is an increase of over 36 percent in the female faculty strength in the decade. As more women enter postgraduate and doctoral education, this faculty pipeline should be strengthened further. In UGC-NET December 2025, a national-level entrance test for PhD fellowships, almost 59 percent of the registered candidates were female.

The Periodic Labour Force Survey 2025 reports that among women aged 15 and above, the worker-population ratio is 32.4 percent for graduates and 42.9 percent for postgraduates. It's a clear indication that education matters for women, particularly digital skills, apprenticeships and formal-sector growth. The National Apprenticeship Training Scheme provides holders of graduate, diploma and vocational certificates with 6-12 months of on-the-job training and a stipend. It can help young women acquire work culture, soft skills, technical exposure and employer confidence before entering full-time employment.

The evidence so far is clear. Women's access to higher education is increasing at scale, irrespective of their social or economic circumstances. We should continue to widen these opportunities from classroom to career, so that women not only enter higher education in large numbers but also move confidently into work that matches their learning, talent and ambition.

Education, women at heart of Vijay's first budget, revenue gaps remain

Even when prioritising long-term investment in education and infrastructure, the government has not abandoned populist welfare

The debut budget of the Vijay-led TVK government in Tamil Nadu, unveiled amid high expectations, has focused on youth and women. Mindful of the state's growing debt and revenue challenges, it has consciously avoided big-bang announcements. At the same time, it has sought to expand the scope of social welfare measures.

The proposals to gift an 8-gram gold coin to every bride and a 1-gram gold ring to every newborn delivered in a government hospital use the amber metal to provide a safety cushion at pivotal life moments, scheme titles such as Annan Seer Thittam (Brother's Wedding Gift) and Thai Maaman Thanga Mothiram Thittam (Maternal Uncle's Gold Ring Scheme) reflect a patriarchal approach. At the same time, the plans for maternity care centres for pregnant women across the state and shelter homes offering counselling and rehabilitation support to transgender persons have won the hearts of many. Even when prioritising long-term investment in education and infrastructure, the government has not abandoned populist welfare. Although enhanced social security and free laptops for college students, an essential learning resource today, dominated the budget, it also bats for strengthening public infrastructure through school modernisation, digital libraries, integrated student hostels and skill development programmes. Vijay has made education a clear priority, with the budget allotments including a ?2,132-crore scheme for infrastructure improvement at 3,734 schools and providing over 5.3 lakh high-school students with bicycles and helmets.

What remains to be revealed is how the government will boost its revenues. The budget mentions various reforms that are expected to generate an additional ?15,000 crore. The white elephant of the state electricity board's debt must be tackled through a gradual tariff hike. Tax leakage in liquor retail needs to be plugged with a more robust enforcement and monitory system.

This government has claimed that the outgoing one's interim budget had inflated infrastructure project costs, and has reduced the capital expenditure allocation for 2026-27 in the revised estimates. Despite this, the state's outstanding debt, projected to rise to ?11.12 lakh crore by the end of the fiscal year, remains a major concern, even though the burden as a share of revenue receipts has slightly declined. It would not be a surprise if the government deploys other means sometime soon to enhance revenues as it seeks to increase capital expenditure and fulfil its electoral promises.

Force must be used as a last resort

Frontline personnel carrying out lawful orders from their superiors should not be made scapegoats

THE Cockroach Janta Party has sought action against the police personnel involved in the crackdown on protesters in New Delhi on July 20, during which a student was injured in pellet firing. Rahul Gandhi, Leader of the Opposition, has endorsed this demand.Having handled countless crowds throughout my career — starting soon after my early days of training at Mount Abu (Rajasthan) — I have learned that a mob possesses a distinct, volatile personality of its own. The central objective of mob management is to pierce that collective personality and force its constituent members to think once again as individuals.To achieve this, the application of force is sometimes necessary. However, force is not always the only answer. Early in my career as the Additional Commissioner of Police (Crime) in Mumbai, I managed to disperse an agitated mob without using any force whatsoever.The incident happened in Malad, where boys playing cricket got into a fierce argument. One of them hit another with a bat, causing his death. The assailant happened to be the son of a known gambling den operator from a minority community, while the victim was a Gujarati boy. Enraged, a large group of youths and local residents staged a massive dharna on the Western Express Highway right outside the Malad police station, blocking the vital artery connecting Mumbai to Ahmedabad.

Although the local police had already taken the perpetrator into custody, the crowd was dissatisfied. They demanded that the boy be handed over to them, presumably to face street justice.A tense standoff ensued. I was ordered by the Police Commissioner to resolve the deadlock and restore traffic, which had been paralysed for hours. Rather than marching in with batons, I approached the protesting youths and asked them to explain what had happened, pretending that I was unaware of the details. Eager to be heard, they recounted the incident while I listened patiently. I then asked them, "Was the match played right here on the highway?"

"No," they replied, "it was inside the neighbourhood."

I suggested that they take me to the exact spot so that I could inspect it myself. Eager to cooperate, the crowd led me away from the highway. Like the Pied Piper, I managed to draw the entire crowd off the main thoroughfare. Traffic resumed smoothly and the situation was defused through dialogue and patience, without a single blow being struck.

Of course, the incident also exposed police negligence regarding the illegal gambling den operated by the assailant's father; I ordered his operations shut down immediately.The principle of using the minimum necessary force must strictly guide a command officer at all times. While every officer is trained in the riot drill protocol, the heat of the moment can cause ground commanders to lose sight of this doctrine. A competent police leader must remain calm and composed, systematically dismantling the mob's collective energy.

However, relying strictly on minimal force is not always practical when a crowd turns violent. In such critical moments, a leader must make a split-second decision before control is lost entirely.

During the late 1960s, the Shiv Sena launched protests in Mumbai against "outsiders". The party decided to prevent then Union Finance Minister Morarji Desai from entering the city unless he accepted a petition about their grievances. When the police blocked the protesters' path, the demonstration descended into violent rioting. Shops belonging to non-Maharashtrians were looted and set ablaze.As the Deputy Commissioner of Police (DCP) in charge of the Dadar area, I confronted a destructive mob at Gol Dak Khana. Sensing that peaceful persuasion and mild force were no longer viable, I made a tough call. I ordered a state reserve police jawan to fire a round from a rifle. As a result, the rioters scattered instantly.

Political interference will complicate these high-stress situations. A state Home Minister has no business micro-managing field operations or overruling police protocol. During the 1965 communal riots in Pune, the Home Minister sent his personal security officer to instruct field commanders — and even the Army units called in to assist — not to open fire under any circumstances.As the DCP in charge of a severely destabilised area, I chose to ignore that verbal directive and ordered a round to be fired. Rioting ceased soon; the lawbreakers realised that the police would not hesitate to enforce the law. During the subsequent judicial inquiry, the Home Minister denied issuing the "no-firing" directive. It was a stark lesson for field officers who must rely on established rules of engagement, not the whims of ministers.

Years later, during the 1984 Mumbai riots, the government insisted on deploying the Army despite my assessment as Police Commissioner that it was unnecessary. I eventually conceded, but insisted on a counter-condition: the immediate preventive detention of Shakha Pramukhs (local Sena ward leaders) who were inciting violence.Supported by then Chief Secretary RD Pradhan, I instructed all 51 Senior Inspectors that I would tolerate no leniency in arresting these key organisers. Though the Chief Minister faced immense pressure from Shiv Sena chief Balasaheb Thackeray to release his men, we held them in detention for 12 days, successfully breaking the momentum of the riots.Reflecting on recent events at Jantar Mantar involving student protesters, I am puzzled by the handling of the situation. The Delhi Police reported that over 200 known anti-social elements embedded themselves among the protesters to incite violence. Preventive detention of such persons before major rallies is standard policing protocol across the country. Why weren't they rounded up in advance? Leaving them unchecked invited predictable chaos.

Handling volatile crowds is a complex task — backseat driving is easy. Field officers do not take pleasure in confrontation; they take high-stakes, split-second decisions under immense pressure. If a mistake is made, it is not done on purpose.

Although every possible care and cautions has been taken to avoid errors or omissions, this publication is in the market for readers on the condition and understanding that information given in this publication is merely for reference and must not be taken as having authority of or binding in any way on the writers, editors, publishers, printers and sellers who do not owe any responsibility for any damage or loss to any person, a purchaser of this publication of not for the result of any action taken on the basis of this work. All disputes are subject to the exclusive jurisdiction of competent court and forums in Ranchi only. Readers are advised and requested to verify and seek appropriate advice to satisfy themselves about the veracity of any kind of advertisement before responding to any contents published in this newspaper. The Editor, Printer, Publisher and any employee of the 'The Researchers' Group will not be held responsible for any kind of claim made by the advertisers of the products and services and shall not be made responsible for any kind of loss, consequences and further product-related damages on such advertisement.

भोजपुरी गजल

दिल आबाद हो गईल

- श्याम कुंवर भारती

नाम तोहार लेके, दिल अब आबाद हो गईल ।
कहलू की केवन पागल , हमार आज हो गईल ।
आसरा लगवली तोहसे ,नजर हमसे फेर लिहलु ।
छुटल न तोहरो आस ,जल दिल खाक हो गईल ।
कहेला लोगवा हमसे, तू खुदा की खिदमत कर ।
अँखिया बसेलु तू हमरा ,भक्ति भस्म राख हो गईल ।
पत्थर पूजेला लोगवा ,मिल जाले सबके राम ।
पिघलल ना दिल तोहरो , दिल अब बरबाद हो गईल ।
स्वाती के बूंद पानी , चितवत रहे चकोर ।
तोहके जोहत मे जिनगी ,तन अब आजाद हो गईल ।
बियवा बोवे किसान ,पक फल अनाज बदे ।
पकल ना हमरो प्यार ,अब खराब हो गईल ।
जइसे पूजेले देवता ,हम तोहरे के पुजली ।
रीझलू ना कबों हमरा, दुशमन सब समाज हो गईल ।

পিতৃ পরের অনুষ্ঠান: গযা ফাল্গু নদীতে ব্যাপক উপস্থিতি সারী

গযা, বহিরঃ আজ পিতৃ পর্ব ২০২৫-এর দ্বিতীয় দিনে গযার পবিত্র ফাল্গু নদীর তীরে ভক্তি ও ঐতিহ্যের এক গভীর প্রদর্শনী অনুষ্ঠিত হয়। প্রায় ৫০,০০০ এরও বেশি ভক্ত পিণ্ড দান ও তর্পণ অনুষ্ঠানে অংশ নিতে এখানে জড়ো হন। মন্ত্রপাঠের ছন্দ, ধূপের সুবাস এবং পুণ্যার্থীদের শ্রদ্ধাশীল প্রার্থনার সঙ্গে পুরো পরিবেশ মুখরিত ছিল।
আবেগঘন পরিবেশে পুত্ররা তাদের মাতার জন্য পিণ্ডার্পণ করলেন, কন্যারা কাঁদতে কাঁদতে তাদের পিতামাতার প্রতি বিদায় জানালেন, আর এক শ্রেণি তার প্রয়াত মায়ের তর্পণ অর্পণ করে উপস্থিতি সবার মনকে স্পর্শ করে দিয়েছে। এই অনুষ্ঠান, যা হিন্দু ঐতিহ্যের গভীর অংশ, জীবিত ও প্রয়াতের মধ্যে পবিত্র সম্পর্ককে প্রতীক, যা প্রজন্মের আত্মার শান্তি ও মুক্তির আশ্বাস দেয় বলে বিশ্বাস করা হয়।
দীর্ঘ সারি ও দাহক তাপ সত্ত্বেও ভক্তরা তাদের অটল নিষ্ঠা প্রদর্শন করলেন। বিশেষভাবে নির্মিত পিণ্ডক্ষেত্রে জল, তিল ও পিণ্ডার্পণ করে নদীতে পবিত্র স্নান করলেন।
পুরোহিতরা ভাবগাম্ভীর্যপূর্ণ নিয়মে সমস্ত অনুষ্ঠান পরিচালনা করে পূজাপদ্ধতি আধ্যাত্মিক পরিবেশে আরও বৃদ্ধি করলেন।
গযা, যা গড়শংঘ-এর ভূমি হিসাবে পরিচিত, পিতৃ পক্ষের সময়ে বিশেষ তাৎপর্য ধারণ করে।
এ সময় দেশের কোণাকুণি থেকে এবং বিদেশ থেকেও হাজারো পুণ্যার্থী এখানে আসে। স্থানীয় কর্তৃপক্ষ জানিয়েছে, এই বছরের উপস্থিতি প্রত্যাশার অনেক ওপরে গিয়েছে, যা প্রাচীন ঐতিহ্যের প্রতি অটুট শ্রদ্ধার পরিচায়ক।
একজন ভক্ত বলেন, "এই রীতিনীতি শুধুমাত্র একটি ঐতিহ্য নয়, এটি পিতৃপুরুষের প্রতি কৃতজ্ঞতা প্রকাশ এবং আমাদের পবিত্র কর্তব্য পালনের মাধ্যম।"
সন্ধ্যার দিকে যখন আকাশ ধীরে ধীরে অন্ধকারাচ্ছন্ন হতে লাগল, ফাল্গুর পাড় প্রদীপের আলো নদীতে ভাসতে লাগল, যা চিরন্তন স্মৃতির প্রতীক হিসাবে ঝলমল করছিল।

वित्त वर्ष 2026 में भारत ने 20 से अधिक देशों को निर्यात किया 7,000 टन से ज्यादा मखाना

भारत में मखाना उत्पादन का प्रमुख केंद्र बिहार है, जहां देश के कुल उत्पादन का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा पैदा होता है।

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 20 से अधिक देशों को 7,000 मीट्रिक टन से ज्यादा मखाना और उससे बने वैल्यू-एडेड उत्पादों का निर्यात किया। सरकार ने कहा कि अमेरिका, मध्य पूर्व और अफ्रीकी देशों सहित कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय मखाने की मांग लगातार बढ़ रही है। इससे बिहार के किसानों और मखाना उद्योग को बड़ा लाभ मिल रहा है। भारत में मखाना उत्पादन का प्रमुख केंद्र बिहार है, जहां देश के कुल उत्पादन का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा पैदा होता है। मखाना क्षेत्र को और मजबूत बनाने तथा इसके निर्यात को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने जुलाई 2025 से मखाने के लिए एक अलग एचएस कोड लागू किया है, जिससे मखाना निर्यात की सटीक निगरानी और वैश्विक बाजारों में इसकी पहचान को बल मिला है। इसी दिशा में एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए अपेडा यानी कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) ने बिहार से जीआई टैग प्राप्त मिथिला मखाना की पहली व्यावसायिक समुद्री खेप

ऑस्ट्रेलिया भेजने में मदद की। बिहार के बिहटा स्थित बीआईएडीए औद्योगिक क्षेत्र से 18 मीट्रिक टन मिथिला मखाना निर्यात किया गया। यह खेप दरभंगा जिले के मखाना उत्पादक किसानों से खरीदी गई थी। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, इस पहल से न केवल बिहार के प्रमुख जीआई उत्पाद की अंतरराष्ट्रीय मौजूदगी मजबूत होगी, बल्कि निर्यात-आधारित बाजारों तक पहुंच बढ़ने से किसानों की आय में भी सुधार होगा। सरकार के मुताबिक, इस निर्यात पहल से जुड़े किसानों को मौजूदा बाजार भाव की तुलना में लगभग 18 प्रतिशत अधिक कीमत मिली है। यह दर्शाता है कि निर्यात केंद्रित वैल्यू चेन और किसानों को सीधे बाजार से जोड़ने की रणनीति से उनकी आय बढ़ाने में मदद मिल रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के बीच मखाना भारतीय कृषि निर्यात का एक महत्वपूर्ण उत्पाद बनकर उभर रहा है। ऑस्ट्रेलिया जैसे नए बाजारों में पहुंच बनने से आने वाले समय में बिहार के मखाना उद्योग को और गति मिलने की संभावना है। बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मखाना राज्य की पहचान है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बिहार आधारित निर्यातकों की बढ़ती भागीदारी किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने में मदद करेगी।

बिहार की प्रतिभा और उत्पादों को वैश्विक बाजार में मिल रही नई पहचान

एफटीए से खुल रहे निर्यात के नए रास्तेः पीयूष गोयल

एजेंसी

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि बिहार की प्रतिभा और उत्पाद अब वैश्विक बाजारों में एक नई पहचान बना रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के नए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के साथ 'बिहार के कृषि और कृषि-प्रसंस्कृत, वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, इंजीनियरिंग, रसायन और फार्मास्युटिकल उत्पादों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजारों के द्वार खुल रहे हैं'। मंत्री

ने कहा कि बिहार के उत्पाद अब केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दुनिया के विभिन्न देशों में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं, जिससे राज्य के किसानों, छोटे उद्योगों और निर्यातकों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।
भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 में 863.1 अरब डॉलर के रिकॉर्ड निर्यात का आंकड़ा हासिल किया है, और विभिन्न मुक्त व्यापार समझौते भारतीय कंपनियों और उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक बेहतर पहुंच प्रदान कर रहे हैं और निर्यात को अधिक विविध बनाकर श्रम-प्रधान क्षेत्रों को मजबूत कर रहे हैं।
सरकार ने निर्यात बाजारों में विविधता लाने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें नए मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करना, प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ व्यापार वार्ता आगे बढ़ाना और विभिन्न निर्यात प्रोत्साहन गतिविधियों को बढ़ावा देना शामिल है। इसके लिए निर्यात संवर्धन मिशन, विदेशों में भारतीय मिशन, निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी), उद्योग संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है।

फिल्म और टीवी शो बनाने वाली कंपनी ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट का आईपीओ लॉन्च

11 अगस्त तक लगा सकते हैं बोली

एजेंसी

नई दिल्ली। खेल-खेल में, द डिप्लोमैट, ओएमजी-2 जैसी फिल्मों के साथ ही कॉमेडी सर्कस, क्राइम पेट्रोल, बालवीर, सजन रे झूठ मत बोलो, लेडीज स्पेशल, सास बिना ससुराल, कॉमेडी नाइट्स जैसे टीवी शो प्रोड्यूस कर चुकी बॉलीवुड प्रोड्यूसर विपुल डी शाह की प्रोडक्शन कंपनी ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट इंडिया का 108.50 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 11 अगस्त तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 12 अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 13 अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 14 अगस्त को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। लॉन्चिंग के बाद शाम तीन बजे तक यह आईपीओ को 45 प्रतिशत सब्सक्राइब हो चुका था।
इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 166 रुपये से लेकर 175 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 800 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 1,600 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,80,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 62 लाख शेयर जारी हो रहे हैं।

सुरत में 34.13 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

सी.आर. पाटील ने अभिभावकों से कहा- बच्चों को मोबाइल से दूर रखें

एजेंसी

सूरत। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटील ने सूरत में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस दौरान 29.75 करोड़ रुपये के पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण तथा 4.38 करोड़ रुपये के नए कार्यों का भूमिपूजन किया गया। सूरत महानगरपालिका और नगर प्राथमिक शिक्षा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शहर के विभिन्न जोन में बुनियादी सुविधाओं और शिक्षा से जुड़े कार्यों को जनता को समर्पित किया गया। उधना जोन में सबसे अधिक 13.21 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा रांदेर, सचिन-कनकपुर, सेंट्रल, कतारगाम और लिंबायत जोन में भी विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया गया।कार्यक्रम में मनपा संचालित 10 प्राथमिक विद्यालयों के नए भवनों के निर्माण एवं शिलान्यास भी शामिल रहे।
इस अवसर पर सी.आर. पाटील ने कहा कि कुछ वर्ष पहले अभिभावक मनपा स्कूलों में बच्चों को भेजने से हिचकते थे, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के बाद सरकारी स्कूलों के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। अब कई अभिभावक निजी स्कूलों के बजाय मनपा स्कूलों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि मनपा स्कूलों में 2.10 लाख से अधिक विद्यार्थी और 5 हजार से अधिक शिक्षक हैं। विद्यार्थियों को मध्याह्न भोजन, पौष्टिक आहार, कपड़े, जूते-मोजे सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पाटील ने अभिभावकों से बच्चों को मोबाइल फोन की लत से दूर रखने और उन्हें खेल के मैदान में भेजने की अपील की।
उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ संस्कार और खेलकूद भी जरूरी हैं। अभिभावकों को नियमित रूप से स्कूल जाकर शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई, व्यवहार और प्रतिभा के संबंध में चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी बच्चों के लिए करियर की व्यापक संभावनाएं हैं।

उपभोक्ता निश्चिंत होकर ई20 पेट्रोल का कर सकते हैं उपयोग

निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप है ईंधन: सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने ई20 पेट्रोल की गुणवत्ता को लेकर सामने आई चिंताओं को खारिज करते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं को इस ईंधन का इस्तेमाल पूरी तरह भरोसे के साथ जारी रखना चाहिए। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा ई20 पेट्रोल निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप है और इसकी निगरानी के लिए मजबूत गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था लागू है। मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि हाल के दिनों में कुछ मीडिया रिपोर्टों में ई20 पेट्रोल में नमी और क्लोराइड की मौजूदगी को लेकर सवाल उठाए गए थे, जिसके बाद तेल कंपनियों ने पूरे देश में ई20

पेट्रोल की सप्लाई चेन में अतिरिक्त और व्यापक परीक्षण अभियान चलाया। सरकार के अनुसार, इन परीक्षणों के नतीजों से यह साफ हुआ है कि ईंधन की गुणवत्ता निर्धारित सीमा से काफी बेहतर स्तर पर बनी हुई है। मंत्रालय ने कहा कि वैज्ञानिक तरीकों से किए गए व्यापक और यादृच्छिक परीक्षणों में ईंधन के दूषित होने का कोई प्रमाण नहीं मिला है। बयान में कहा गया, 'कुछ दावों के विपरीत, वैज्ञानिक आधार पर किए गए व्यापक परीक्षणों से यह स्पष्ट हुआ है कि ईंधन में किसी प्रकार के प्रदूषण या गुणवत्ता संबंधी समस्या को लेकर चिंता की कोई वजह नहीं है।' तेल कंपनियों ने भी ग्राहकों को भरोसा दिलाया है कि ईंधन की गुणवत्ता उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि कभी कोई ऐसा मुद्दा सामने आता है जिससे वाहन के प्रदर्शन या उपभोक्ता विश्वास पर असर पड़ सकता हो, तो उसकी तत्काल वैज्ञानिक जांच की जाती है और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाते हैं।
मंत्रालय के अनुसार, ईंधन की गुणवत्ता पर निगरानी को और मजबूत बनाने के लिए देश भर के प्रत्येक पेट्रोल पंप पर रोजाना 8 से 12 बार पानी की मिलावट और घनत्व की जांच की जा रही है।
इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर मोबाइल फ्यूल क्वालिटी टेस्टिंग लैब्स भी तैनात की गई हैं।

यूपीआई ट्रांजैक्शन पर उपयोगकर्ताओं से कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा

व्यापारियों के लिए भी अधिकांश ट्रांजैक्शन रहेंगे मुफ्त: सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने यूपीआई ट्रांजैक्शन पर शुल्क लगाए जाने की चर्चाओं के बीच स्पष्ट किया कि यूपीआई से भुगतान करने वाले आम नागरिकों से किसी भी तरह का ट्रांजैक्शन शुल्क नहीं लिया जाएगा। सरकार ने कहा है कि व्यक्ति से व्यक्ति के बीच होने वाले सभी यूपीआई ट्रांजैक्शन भी पूरी तरह निःशुल्क बने रहेंगे। साथ ही, व्यापारियों के लिए भी यूपीआई के अधिकांश ट्रांजैक्शन पर कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि भविष्य में यदि व्यापारी छूट दर (एमडीआर) लागू की जाती है, तो यह केवल कुछ सीमित प्रकार के व्यापारी ट्रांजैक्शन पर, एक निश्चित सीमा से अधिक राशि होने की स्थिति में और बेहद मामूली दर पर लागू होगी। यह दर डेबिट या क्रेडिट कार्ड से लिए जाने वाले शुल्क की तुलना में काफी कम होगी। सरकार ने कहा कि सभी व्यापारियों पर एक समान शुल्क लगाने की कोई योजना नहीं है। मंत्रालय के अनुसार, कराधान और अन्य कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 के पारित होने के बाद भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 की धारा 10ए में संशोधन किया जाएगा। इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की अध्यक्षता वाली यूपीआई एवं सेवा संचालन समिति यह तय करेगी कि एमडीआर लागू किया जाना है या नहीं और यदि लागू होता है तो उसकी दर क्या होगी। वित्त मंत्रालय ने आगे स्पष्ट किया कि भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम (पीएसएस एक्ट) में हालिया संशोधन को लेकर कुछ गलत धारणाएं सामने आई हैं। कुछ लोगों द्वारा इसे आम नागरिकों से यूपीआई शुल्क वसूलने की दिशा में कदम बताया जा रहा है, जबकि

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2026 में अकेले यूपीआई के माध्यम से 2,366 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए, जिनका कुल मूल्य करीब 29.9 लाख करोड़ रुपए रहा।

वास्तव में यह संशोधन एक सक्षमकारी प्रावधान है, जिसका उद्देश्य यूपीआई की दीर्घकालिक स्थिरता, तकनीकी विकास, वित्तीय समावेशन और उभरते जोखिमों से निपटने की क्षमता को मजबूत करना है। बयान में आगे कहा गया है कि यूपीआई ट्रांजैक्शन की संख्या लगातार तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी की रोकथाम और डिजिटल ढांचे को लगातार उन्नत करने के लिए बड़े स्तर पर निवेश की जरूरत है। इसके लिए एक ऐसा आर्थिक ढांचा आवश्यक है, जिससे यूपीआई भविष्य में भी मजबूत और विश्वसनीय बना रहे। सरकार ने कहा कि यूपीआई के क्षेत्र में अधिक कंपनियों को अपनी सेवाएं बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है, जिससे बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और डिजिटल भुगतान व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकेगा, और इसके लिए लंबे समय तक टिकाऊ आय मॉडल की आवश्यकता है। सरकार का कहना है कि केवल सरकारी सब्सिडी पर निर्भर रहना यूपीआई के विकास के अगले चरण के लिए पर्याप्त नहीं होगा। इसलिए ऐसा संतुलित ढांचा तैयार करना जरूरी है, जिससे यूपीआई मजबूत, समावेशी, किफायती और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बना रहे। सरकार ने उन मीडिया रिपोर्टों को भी खारिज किया है, जिनमें दावा किया गया था कि यूपीआई से संबंधित नीतिगत बदलावों के पीछे किसी बाहरी प्रभाव या दबाव की भूमिका हो सकती है। सरकार ने इसे पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया। वित्त मंत्रालय ने आगे बयान में कहा कि यदि किसी बाहरी दबाव का प्रभाव होता, तो भारत ने वर्ष 2016 में यूपीआई की शुरुआत नहीं की होती। इसके अलावा, जनवरी 2020 से नागरिकों और व्यापारियों के लिए यूपीआई को निःशुल्क रखने की व्यवस्था भी लागू नहीं की जाती।

चपरासी से सहायक ग्रेड-2 बने कर्मचारी के ठिकानों पर छापा

6.43 करोड़ की संपत्ति का खुलासा

दो टीमों ने अलग-अलग ठिकानों पर दी दबिश

एजेंसी

जबलपुर। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने तड़के 5:30 बजे बड़ी कार्रवाई करते हुए सिवनी में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी सुभाष शर्मा के जबलपुर स्थित मकान और पाटन क्षेत्र स्थित फार्म हाउस समेत कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।
लोकायुक्त की अलग-अलग टीमों ने सुबह से दस्तावेज, जमीनों के रिकॉर्ड, मकान और अन्य संपत्तियों से जुड़े कागजात खंगालना शुरू किया। प्रारंभिक जांच में आरोपित के साथ उसकी पत्नी के नाम कई कृषि भूमि, शहरी क्षेत्रों में प्लॉट और मकान की जानकारी सामने आई है। लोकायुक्त के मुताबिक, जांच में अब तक सुभाष शर्मा की कुल अर्जित आय की तुलना में करीब 543.19 प्रतिशत अनुपातहीन संपत्ति सामने आने की बात कही गई है। प्रारंभिक आकलन में संपत्तियों और किए गए व्यय का मूल्य करीब 6 करोड़ 43 लाख रुपए आंका गया है। हालांकि लोकायुक्त की कार्रवाई अभी जारी है और अंतिम संपत्ति मूल्यांकन तथा जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। कार्रवाई के दौरान घर के बाहर पुलिस तैनात की गई है।

सिवनी में पदस्थ है सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी

लोकायुक्त डीएसपी रेखा प्रजापति ने बताया कि सुभाष शर्मा पुत्र रवि शर्मा वर्तमान में क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र, सिवनी में सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदस्थ हैं। उसका जबलपुर के राजीव गांधी वार्ड स्थित अंबेडकर कॉलोनी में निवास है। लोकायुक्त को सुभाष शर्मा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत मिली थी। शिकायत का निरीक्षक जितेंद्र यादव द्वारा सत्यापन कराया गया। सत्यापन में शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाए जाने के बाद भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(1)(बी) और 13(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।
कार्रवाई के लिए लोकायुक्त ने अलग-अलग टीमें गठित की थीं। डीएसपी रेखा प्रजापति के नेतृत्व में निरीक्षक जितेंद्र यादव, राहुल गजभिए और शशि मस्कुले की टीम ने जबलपुर स्थित आवास पर कार्रवाई की। वहीं, डीएसपी नीतू त्रिपाठी के नेतृत्व में दूसरी टीम पाटन तहसील क्षेत्र के लोहारी गांव स्थित फार्म हाउस पहुंची और संपत्तियों की जांच में जुटी है। लोकायुक्त की टीमें जमीनों के दस्तावेज, रजिस्ट्री, निर्माण से संबंधित रिकॉर्ड और अन्य वित्तीय दस्तावेजों की जांच कर रही हैं। अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई पूरी होने के बाद संपत्तियों और व्यय का विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा।

पत्नी के नाम लाखों-करोड़ों की जमीन और प्लॉट

प्रारंभिक जांच में सुभाष शर्मा की पत्नी शीला शर्मा के नाम कई संपत्ति होने की जानकारी सामने आई है। लोकायुक्त के प्रारंभिक आकलन के अनुसार लोहारी, तहसील पाटन में शीला शर्मा के नाम कई कृषि भूमि खरीदी गई है। इनकी अनुमानित कीमत करीब 1.11 करोड़ रुपए बताई गई है। वहीं मुरगवां, तहसील पाटन में पत्नी के नाम भूमि जिसकी अनुमानित कीमत करीब 25.91 लाख रुपए और गोहलपुर, तहसील आधारताल में कई प्लॉट इनकी अनुमानित कीमत करीब 47.48 लाख रुपए आंकी गई है। इसके अलावा करमेता, तहसील आधारताल में पत्नी के नाम करीब 4,581 वर्गफुट भूमि खरीदे जाने की जानकारी मिली है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 2.88 करोड़ रुपए बताई गई है।

कठिन चुनौती है वर-वधू का चुनाव

मीता और मोहन दोनों ने प्रेम विवाह किया और विवाह के कुछ समय बाद दोनों में तलाक हो गया। रीता और रमेश दोनों का विवाह माता-पिता ने अपनी पसंद से किया लेकिन उनमें भी नहीं बनी और उनका भी तलाक हो गया। अब प्रश्न उठता है कि वर-वधू का चुनाव किस तरह किया जाए कि उनका वैवाहिक जीवन सफल व खुशियों से भरा-पूरा हो।

आधुनिक युग में जिस तेजी से तलाक की घटनाएं बढ़ रही हैं, उन्हें देखते हुए चाहे प्रेम विवाह हो अथवा माता-पिता की सहमति से वर-वधू एक-दूसरे को पसंद कर शादी करें पर इस बात की कोई ग्यारंटी नहीं कि दोनों का वैवाहिक जीवन सफल ही हो। माता-पिता द्वारा वर-वधू को पसंद कर की गई शादी तो अब दूर की बात हो गई है। अब न तो माता-पिता के भरोसे वर-वधू का चुनाव छोड़ा जाए और न ही पूर्णत: लड़के-लड़कियों के भरोसे।

वर्तमान समय में ये दोनों ही व्यवस्थाएं अपने आप में अपूर्ण हैं। वैवाहिक जीवन की गाड़ी लड़के-लड़की द्वारा ही चलेगी, माता-पिता द्वारा नहीं। इसलिए यह जरूरी है कि मध्य मार्ग का अनुसरण करते हुए वर और वधू को शादी से पहले एक-दूसरे के विचार, पसंद, नापसंद, भावनाएं, रुचियां, शिक्षा-दीक्षा और संस्कार आदि को भली प्रकार जानने-समझने की आवश्यकता होती है।

इस समस्या को हल करने के लिए कोई बीच का रास्ता अपनाया जाए। लड़के-लड़कियों को एक-दूसरे को जानने, समझने का मौका दिया जाए, एक-दूसरे की रूचियों, स्वभाव, संस्कार आदि सभी बातों को अच्छी तरह समझ लिया जाए पर यह स्वतंत्र रूप से नहीं वरन माता-पिता की सहमति से ही होना चाहिए।

इस संबंध में एक उदाहरण ध्यान देने योग्य है देवदास गांधी (महात्मा गांधी के पुत्र) और राजगोपालाचारी की पुत्री, दोनों के निकट संपर्क होने के कारण प्रेम हो गया और दोनों ने शादी की इच्छा जतलाई। गांधीजी और राजगोपालाचारीजी ने इस समस्या पर विचार कर यह निर्णय दिया कि यदि आगे पांच साल

आधुनिक युग में जिस तेजी से तलाक की घटनाएं बढ़ रही हैं, उन्हें देखते हुए चाहे प्रेम विवाह हो अथवा माता-पिता की सहमति से वर-वधू एक-दूसरे को पसंद कर शादी करें पर इस बात की कोई ग्यारंटी नहीं कि दोनों का वैवाहिक जीवन सफल ही हो। माता-पिता द्वारा वर-वधू को पसंद कर की गई शादी तो अब दूर की बात हो गई है।

तक दोनों का प्रेम स्थायी रहा तो विवाह कर देंगे। दोनों ने पांच साल तक प्रतीक्षा की और पवित्र जीवन बिताया। इस परीक्षा के बाद जब दोनों का प्रेम स्थायी रहा तो विवाह कर दिया गया। इस तरह हम देखते हैं कि जब तक प्रेम की परीक्षा न हो जाए, वह आंतरिक और शुद्ध न हो तब तक प्रेम विवाह को टालना ही हितकारी है। भावावेश में लिया गया निर्णय कभी वास्तविक प्रेम नहीं हो सकता।

अनुभवहीन लड़के

लड़कियां, बिना जाने-समझे आस-पड़ोस या कहीं निकट संपर्क में आने पर इस तथाकथित प्रेम के चक्कर में फंसकर प्रेम-विवाह कर लेते हैं तो आगे चलकर कुछ समय बाद उनका वैवाहिक जीवन प्राय: कष्टकारी ही बीतता है। वर-वधू का चुनाव करते समय एक महत्वपूर्ण बात यह ध्यान में रखने योग्य है कि इसमें धन को विशेष महत्व न दिया जाए। इस दृष्टि से विवाह करना कि वर पक्ष अधिक धन-संपत्ति वाला है या वधू पक्ष से अधिक दहेज मिलेगा, यह बहुत बड़ी भूल है। अधिकांश लोग धन के लालच में पड़कर वर या वधू के न तो गुण, कर्म, स्वभाव, स्वास्थ्य या योग्यता को महत्व देते हैं और न ही उनके चरित्र, संस्कार व आदर्शों को। परिणामस्वरूप ऐसा वैवाहिक जीवन प्राय: कष्टकारी, नारकीय अथवा असफल जैसा ही हो जाता है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि वर-वधू का चुनाव करते समय देखने वाली महत्वपूर्ण बाते ये हैं कि दोनों का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य उत्तम हो। दोनों के आचार-विचार मिलते हों, जरूरी समझ और पैनी दृष्टि हो। इसके अतिरिक्त शिक्षा-दीक्षा, उत्तम संस्कारों का मेल एवं सूझबूझ वर-वधू के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं।

हाल ही में सोशल मीडिया में एक पति का लिखा वो पत्र लोगों को भावुक कर गया, जिसमें उसने अपनी पत्नी को समर्पण के लिए शुक्रिया कहा और कृतज्ञता जताई। पति ने लिखा कि एक गृहिणी होने के नाते मुझे लगता था कि मेरी पत्नी घर पर रहती है तो उसके पास काम ही क्या है? इसलिए मैंने उसे कभी उसके काम का क्रेडिट नहीं दिया। वह दिनभर घर और बच्चे की देखभाल में थकी रहती। लेकिन मुझे घर लौटने पर हमेशा अपनी ही थकान दिखती।

गृहिणियों का श्रम भी मान का हकदार

ऑफिस से लौटकर मैं उसे अक्सर यही कहता कि तुमने क्या किया दिनभर? लेकिन अब गंभीरता से सोचने पर लगता है कि यह महिला कितनी गजब की है। जो बच्चे और घर की अनगिनत जिम्मेदारियां अकेले ही संभालती है। इतना सोचा तो खुद पर ही गुस्सा आया। इसलिए सबसे कहूंगा कि अपने बच्चों की मां का सम्मान करें। जो घर-परिवार के लिए अपनी हर खुशी से नाता तोड़ लेती हैं।

हर मोर्चे पर है डटी

चिंता में डूबी पत्नी, नसीहतें और समझाइशें देती मां, बड़ों की देखभाल का जिम्मा उठाने वाली बहू और नाते रिश्तेदारी के बुलावे और दिखावे की रीति-नीति निभाने वाली एक जिम्मेदार स्त्री। वह हर मोर्चे पर डटी रहती है। भागती है, दौड़ती है, हांफती है, थकती है। भीतर ही भीतर जूझती भी है। बस, मन की नहीं कहती कभी। गृहिणी जो है। सामाजिक-पारिवारिक छवि कुछ ऐसी कि वह सब कुछ करती है पर कुछ नहीं कहती। वाकई, गृहिणी के रूप में स्त्री की यह भूमिका साधारण होकर भी कितनी असाधारण है। रोजमर्रा की अनगिनत जिम्मेदारियों को निभाते हुए समय के साथ कितना कुछ रीत जाता है गृहिणियों के मन के भीतर। लेकिन इसे समझने का अवकाश ना उसे मिलता है और ना ही उसके अपनों को।

बदलते समय में बढ़ी जिम्मेदारियां

समय के साथ गृहिणी की भूमिका भी बदल गई है। लेकिन उसके हिस्से आई जिम्मेदारियां कम नहीं हुई हैं। आज हर काम के लिए घरों में मशीनें मौजूद हैं पर उसकी भागमभाग अब भी जारी है। पहले जिम्मेदारियां तो थीं लेकिन दायरा सीमित था। मगर आज दायरा असीमित है घर से लेकर बाहर की जिम्मेदारी के अलावा बच्चों की पढ़ाई से लेकर फ्यूचर इंवेस्टमेंट की तैयारियों में वह जुटी रहती है। फिर भी वह हर बात में तालमेल बैठा ही लेती है।

सबके लिए कुछ न कुछ

चाहे गांव हो या शहर सुबह सबसे पहले बिस्तर छोड़ने और रात को सबके बाद अपने आराम की सोचने वाली महिलाएं पति, बच्चों और घर के अन्य सदस्यों की देखरेख में इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि खुद को हमेशा दोयम दर्जे पर ही रखती हैं। दूसरों की शर्तों, इच्छाओं और खुशियों के लिए जीने की उन्हें न केवल आदत-सी हो जाती है बल्कि किसी काम में जरा-सी भी कमी रह जाए तो, वे अपराधबोध से ग्रस्त हो जाती हैं। लेकिन फिर भी देखने में आता है कि उन्हें ताने ही सुनने को मिलते हैं। उनके काम का श्रेय और सम्मान उनके हिस्से नहीं आता। कुल मिलाकर कहा जाए तो वो एक ऐसा 'सपोर्ट सिस्टम है जो हमें जीने का हौसला देती है। न कोई छुट्टी ना कोई वेतन। सच कहें तो कोई गृहिणी वेतन चाहती भी नहीं। पर वो अपनों की जो सेवा सहायता करती है उसके बदले सम्मान की अपेक्षा तो करती ही है जो कि उसका मानवीय हक भी है। एक राष्ट्रीय सर्वे के मुताबकि 45 प्रतिशत ग्रामीण और 56 प्रतिशत शहरी महिलाएं जिनकी उम्र पंद्रह साल या उससे ज्यादा है पूरी तरह से घरेलू कार्यों में लगी रहती हैं। यह आंकड़ा हैरान करने वाला है कि 60 साल से ज्यादा की उम्र वाली एक तिहाई महिलाएं ऐसी हैं, जिनका सबसे ज्यादा समय इस आयु में भी घरेलू कार्यों को करने में ही जाता है।

भागीदारी का आर्थिक पहलू

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ भारत में ही महिलाएं दिनभर में 352 मिनट अवैतनिक कार्यों को करने में बिताती हैं। यानी इन कामों के लिए उन्हें कोई आर्थिक लाभ नहीं मिलता। जबकि कुछ सालों पहले अमेरिका में हुए एक अध्ययन ने वहां गृहिणियों द्वारा किए गए घरेलू कामों की सालाना कीमत 57 लाख रुपए के बराबर आंकी थी। गौरतलब है कि पश्चिमी देशों में घर की जिम्मेदारियां केवल महिलाओं के हिस्से नहीं हैं। इसलिए वहां गृहिणी के रूप में भी महिलाओं के श्रम और आर्थिक भागीदारी के पक्ष को महत्व दिया जाता है। जबकि हमारे यहां का रहन-सहन और सामाजिक ढांचा कुछ इस तरह का है कि घर पर रहने वाली महिलाओं के हिस्से में काम विकसित देशों से ज्यादा हैं और सुविधाएं कम हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि हमारे यहां घरेलू कार्य का जिम्मा पूरी तरह से महिलाओं का ही होता है। पुरुषों का सहयोग नाममात्र को ही मिलता है। हमारे यहां घरेलू कामकाज में पुरुषों की भागीदारी प्रतिदिन केवल 19 मिनट है।

अनदेखी की शिकार

गृहिणी हर परिवार की पृष्ठभूमि तैयार करती है। किसी कलाकृति को उकेरने के लिए जो स्थान कैनवास का होता है घर के सदस्यों के जीवन में वही भूमिका होती है गृहिणियों की। ये बात और है कि तस्वीर बन जाने पर वे भी कैनवास की तरह ही कहीं पीछे छुप जाती हैं। शायद यही वजह है कि इस रूप में महिलाओं की भागीदारी को हर जगह और हर हाल में अनदेखा करने की ही कोशिश की जाती है। घर का कोई भी सदस्य किसी भी समय कह देता है कि 'तुम दिन भर घर में करती ही क्या हो?'

मनोवैज्ञानिक आधार

मनोवैज्ञानिक रूप से देखा जाय तो यह अनदेखी एक अपराधबोध के भाव को जन्म देती है। वे सबके साथ होकर भी अकेली हो जाती हैं। उनके मन में सब कुछ करके भी खुद को कुछ भी करने योगय ना समझने का भाव इतना गहरा जाता है कि वे तनाव और अवसाद की शिकार बन जाती हैं। एक हालिया अध्ययन में भी सामने आया है कि 96 फीसद महिलाएं दिन में कम से कम एक बार खुद को दोषी या अपराधी मानती हैं। अपराधबोध से जुड़ा उनका यह भाव अधिकतर मामलों में बच्चों की परवरिश या परिवार की संभाल से ही जुड़ा होता है। इसके बावजूद उनके कार्यों का आकलन ठीक से नहीं किया जाता है।

पेरेंट्स को शर्मिंदगी से बचाती है टॉयलेट ट्रेनिंग, और भी कई काम आती है ये सीख

बच्चों को अगर टॉयलेट ट्रेनिंग दी जाए, तो इससे पेरेंट्स का काफी काम आसान हो जाता है। बच्चे कभी भी कहीं भी पेशाब या पॉटी नहीं करते हैं जिससे घर साफ रहता है।

छोटे बच्चों यानि टॉडलर एज में बच्चों को पॉटी ट्रेनिंग दी जाती है। इसमें बच्चों को खुद टॉयलेट जाना सिखाया जाता है। आप 8 से तीन साल के बच्चे को पॉटी या टॉयलेट ट्रेनिंग सिखा सकते हैं। 18 महीने के होने के बाद बच्चे का अपने ब्लैडर यानि मूत्राशय पर कंट्रोल आता है। इसलिए एक साल के होने बाद ही आप बच्चे को पेशाब और पॉटी करना सिखाना शुरू कर दें।

बच्चे के लिए क्यों जरूरी है पॉटी ट्रेनिंग

बच्चे के लिए उसकी उम्र के हिसाब से पॉटी सीट लाएं। इन्हें बच्चे के कंफर्ट के हिसाब से ही डिजाइन किया जाता है। हालांकि, बच्चे को ये ट्रेनिंग देने के लिए आपको बहुत समय और धैर्य की जरूरत होगी।

कैसे दें पॉटी ट्रेनिंग

आप ध्यान दें कि बच्चा दिन में कितनी बार पेशाब या पॉटी करता है और उसका समय क्या है। क्या पेशाब या पॉटी आने से पहले कोई आवाज करता है या मुंह बनाता है। जब आप इस पैटर्न को समझ जाएंगे, तब आसानी से बच्चे को ट्रेन कर पाएंगे।

साउंड का करें इस्तेमाल

जब बच्चे को पॉटी आती है, तो आप एक आवाज निकालें। बच्चे को सिखाएं कि ये आवाज सुनने पर उसे पॉटी करनी है। कई लोग बच्चे को पेशाब करने के लिए 'स्स्स्स्' की आवाज निकालते हैं। जब भी बच्चे को टॉयलेट जाना हो, तो आप ऐसी आवाज निकालें।

थोड़ी-थोड़ी देर में टॉयलेट ले जाएं

बच्चे को थोड़ी-थोड़ी देर में टॉयलेट लेकर जाएगा। सुबह उठने के बाद या खाना खाने के बाद बच्चे को टॉयलेट लेकर जाएं। ऐसा करने पर बच्चे को समझ आने लगेगा कि टॉयलेट में आने पर उसे पेशाब या पॉटी करनी है। टॉयलेट में आपको बच्चे से बात भी करनी है। उसे गाना सुनाएं या उसकी पसंद का खिलौना दें। उसकी पसंद की चीज पर ध्यान देने से बच्चा पॉटी ट्रेनिंग की प्रक्रिया को आसानी से समझ पाएगा।

साइन आएंगे काम

जब भी बच्चे को पेशाब या पॉटी आए तो आप कुछ साइन यानि संकेतों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बच्चा जल्दी ही इन संकेतों को समझने लग जाएगा और पेशाब या पॉटी आने पर आपको इन संकेतों की मदद से बता देगा।

क्यों जरूरी है पॉटी ट्रेनिंग

जन्म के बाद शुरुआती कुछ महीनों में शिशु दूध पीता है और थोड़ी-थोड़ी देर में पॉटी करता है। लेकिन जब बच्चा थोड़ा बड़ा हो जाता है और खेलने-कूदने लगता है या आपके साथ कहीं बाहर या किसी के घर जाने लगता है, तो उसे पॉटी या टॉयलेट ट्रेनिंग देनी बहुत जरूरी होती है। सोचिए, आप अपने बच्चे को किसी रिश्तेदार या दोस्त के घर लेकर गईं हैं और वहां पर बच्चे ने उनके सोफे या पलंग पर ही पेशाब या पॉटी कर दी तो आपको कितनी शर्मिंदगी महसूस होगी। इस तरह की परिस्थितियों से बचने के लिए ही बच्चों को टॉयलेट ट्रेनिंग दी जाती है। टॉयलेट ट्रेनिंग के बाद बच्चे खुद ही कुछ संकेतों की मदद से आपको बता देंगे कि उन्हें टॉयलेट जाना है।

क्या बारिश में आपके भी तौलिए से बदबू आती है? कैसे दूर करें

बारिश के दौरान अक्सर तौलिए में से बदबु आने लगती है जिससे पूरा मूड ऑफ हो जाता है। इतना ही नहीं त्वचा की निखार पर भी असर पड़ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि गिले या नमी वाले तौलिये में बैक्टीरिया पनप जाते हैं। इस वजह से त्वचा संबंधित परेशानी भी हो सकती है। तो आइए जानते हैं कैसे आसान तरीकों से तौलिए से आ रही बदबू को भगाएं।

- सबसे पहली बात, कई लोग टॉवेल को ठीक करके उन्हें बाथरूम में रख देते हैं। लेकिन नमी के कारण उनमें बैक्टीरिया पनप जाते हैं। और वह बदबू मारने लगते हैं। इसके बाद वहीं टॉवेल का उपयोग त्वचा संबंधित कुछ भी परेशानी हो सकती है। इसलिए तौलिए को बारिश के दिनों में सुखी जगहों पर ही रखें।
- अक्सर नहाने के बाद लोग तौलिए को कही भी डाल देते हैं। ऐसे में बहुत बदबू आने लगती है। मौसम कोई-सा भी हो नहाने के बाद तौलिए को हमेशा किसी भी स्टैंड या रस्सी पर ही डालें। जिससे टॉवेल का गीलापन सुख जाएगा और बदबू भी नहीं आएगी।
- बारिश में दो तौलिए का इस्तेमाल कीजिए। और तौलिए को हर 2 दिन में धोते रहिए। जिससे बदबू नहीं आएगी और बैक्टीरिया भी नहीं पनपेंगे। मानसून सीजन में धूप बहुत कम निकलती है लेकिन जब भी धूप निकलती है तो गीले कपड़ों को धूप में जरूर डालें। इससे किसी भी कपड़ों में से बदबू नहीं आएंगी। साथ ही तौलिए को धूप में जरूर रखें।
- बारिश के सीजन में कपड़ें अगर नहीं सूखते हैं तो उन्हें आप पंखे की हवा में सुखा लीजिए। इससे बदबू नहीं आएगी।
- बारिश के दौरान सर्फ का इस्तेमाल थोड़ा अधिक कर लीजिए। इससे कपड़ों में से सर्फ की सुगंध के बीच बदबू दब जाएगी। साथ ही आप कपड़ों को धोने के दौरान हल्का सा डेटॉल का प्रयोग भी कर सकते हैं इससे भी कपड़ों में से बहुत कम दुर्गंध आएंगी। हल्की बदबू आने पर आप हल्का स्प्रे भी कर सकते हैं।

5 मिनट में तैयार करें नेल सीरम बढ़ जाएगी हाथों की खूबसूरती

